आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 13.07.2025

समय 1305

<u>मुख्य समाचार :–</u>

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– सरकार, आस्था और भक्ति की पवित्र कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित व आनंदमय बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

- नैटवार मोरी जलविद्युत परियोजना से आज टोंस नदी में लगभग 250 क्यूमेक्स पानी छोड़ा जाना प्रस्तावित। लोगों से सावधानी बरतने की अपील की गई है।

- भारतीय मानक ब्यूरो के महानिदेशक प्रमोद कुमार तिवारी ने पंतनगर विश्वविद्यालय में कृषि उत्पादों की गुणवत्ता के लिए 15 बीआईएस छात्र अध्यायों का उद्घाटन किया।

- मौसम विभाग ने 17 जुलाई तक प्रदेश में बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है।

<u>कांवड़ यात्रा</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य सरकार आस्था और भक्ति की पवित्र कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित व आनंदमय बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने एक वीडियो संदेश जारी कर देवभूमि आने वाले शिवभक्तों से अपील की है कि वे यात्रा के दौरान माँ गंगा की निर्मलता और समाज में अनुशासन की भावना बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

वहीं दूसरी ओर, लाखों कांवड़िये प्रतिदिन हरिद्वार, ऋषिकेश, नीलकंठ महादेव और गंगोत्री में गंगा जल लेने के लिए पहुंच रहे हैं। इस बार कांवड़ यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन ने नए नियम जारी किए हैं। प्रशासन लगातार सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से कांवड़ियों से नियमों का पालन करने की अपील कर रहा है। साथ ही उन्हें जागरूक करने में भी लगा हुआ है।

हरिद्वार जिला प्रशासन का कहना है कि पुलिस कांवड़ मेला 2025 को शांतिपूर्ण और गरिमापूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए तत्पर है और नियमों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल ने कहा कि जिन कांवड़ियों ने अपनी कांवड़ ओवरसाइज कर ली है, वे इसे छोटा करके ही इस पवित्र कांवड़ मेले में शामिल हों, अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

<u>नैटवार मोरी परियोजना</u>

उत्तरकाशी जिले में स्थित नैटवार मोरी जलविद्युत परियोजना की सफाई के दौरान जलस्तर कम करने के लिए आज बैराज के गेट खोलकर टोंस नदी में लगभग 250 क्यूमेक्स पानी छोड़ा जाना प्रस्तावित है। यह कार्य आज प्रातः 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक किया जाएगा। नैटवार मोरी बैराज प्रभारी एचपीएस कुलदीप लखेरा ने बताया कि इसके परिणामस्वरूप नदी के निचले हिस्से में पानी का प्रवाह बढ़ सकता है। उन्होंने सभी संबंधित व्यक्तियों से अनुरोध किया कि इस दौरान सावधानी बरतें और टोंस नदी से उचित दूरी बनाए रखें। श्री लखेरा ने बताया कि बैराज के ट्रैश रैक में भारी मात्रा में मलबा जमा होने के कारण जल प्रवाह में बाधा उत्पन्न होने के कारण पानी छोड़ने का निर्णय लिया गया है।

भारतीय मानक ब्यूरो

उधमसिंह नगर के पंतनगर स्थित गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, में गुणवत्ता, मानक और उपभोक्ता जागरूकता पर आधारित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय मानक ब्यूरो की देहरादून शाखा और विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय मानक ब्यूरो के महानिदेशक प्रमोद कुमार तिवारी ने बीआईएस के 15 छात्र अध्यायों का उद्घाटन किया। आकाशवाणी से बातचीत में श्री तिवारी ने कहा कि बीआईएस का देश भर के 100 विश्वविद्यालयों के साथ समझौता है, जिसमें पंतनगर विश्वविद्यालय में सर्वाधिक 15 छात्र अध्याय बनाए गए हैं, जो मूल्यांकन, समीक्षा, कार्यशालाएँ व प्रतियोगिताएँ जैसी मानक संबंधी गतिविधियाँ आयोजित करेंगे और मानकों में सुधार के लिए अपने सुझाव भी देंगे।

आकाशवाणी से बातचीत में कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि विश्वविद्यालय अब खाद्य और कृषि उत्पादों की गुणवत्ता मानकों पर विशेष ध्यान देगा।

मौसम

राजधानी देहरादून समेत प्रदेश के अधिकांश जिलों में आज सुबह बादल छाए रहे, जबकि ऊँचाई वाले क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश हुई है।

इस बीच, मौसम विभाग ने 17 जुलाई तक प्रदेश में बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। आज देहरादून, नैनीताल और बागेश्वर जिलों में कहीं–कहीं बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है, जबकि राज्य के शेष जिलों में भी बारिश का अनुमान व्यक्त किया गया है। इस अवधि में प्रदेश में कहीं–कहीं 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से झोंकेदार हवांए चलने की संभावना व्यक्त की गयी है। विभाग के अनुसार प्रदेश में यह स्थिति अगले 5 दिन तक बनी रहेगी।

राज्य आपाकालीन केंद्र के अनुसार राज्य में बारिश और भूस्खलन से 80 से अधिक सड़कें अवरूद्ध हैं, जिन्हें खोलने के प्रयास जारी हैं।

टिहरी जिले के जौनपुर ब्लॉक के चिफल्डी गदेरे पर ट्रॉली लगाने का कार्य पूरा हो गया है। ट्रॉली के लग जाने से चिफल्टी–तौलियाकाटल के ग्रामीणों को अब आवागमन में काफी सुविधा हो गई है। क्षेत्रीय लोगों ने बहुत कम समय में ट्रॉली लगवाए जाने पर जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

उधर, टिहरी के पिलखी नैल में कल एक पेड़ गिरने से दो स्कूली बच्चों की मृत्यु  हो गयी।

शूटिंग

अल्मोड़ा के सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय परिसर के छात्र अब निशानेबाजी के गुर सीखेंगे। 77 यूके एनसीसी बटालियन की पहल पर परिसर में आधुनिक शूटिंग रेंज स्थापित की जाएगी। इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने बताया कि एनसीसी बटालियन अल्मोड़ा परिसर में शूटिंग रेंज के लिए स्वयं प्रस्ताव तैयार करेगी। इससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

राष्ट्रीय सम्मेलन

अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान का तीन दिन का राष्ट्रीय सम्मेलन आज से नई दिल्ली में शुरू हो रहा है। यह आयोजन शल्य चिकित्सा के जनक माने जाने वाले सुश्रुत की जंयती पर किया जाता है। आज इस सम्मेलन के पहले दिन दस एंडोस्कोपिक लैप्रोस्कोपिक सर्जरी का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया जाएगा।

परपंरा और तकनीक के समागम वाले इस सम्मेलन में देश–विदेश के पांच सौ से अधिक चिकित्सकों, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और विद्वानों के शामिल होने की संभावना है। सम्मेलन में आयुर्वेद के क्षेत्र में चिकित्स में हुई प्रगति और उभरती शैलियों को दर्शाया जाएगा।